हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025

11 सीएम आवास के घेराव के लिए किसान करेंगे कुरूक्षेत्र कूच...



12 हत्या को एक्सीडेंट बनाने की कोशिश ! भूना में विजय कुमार...



## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में अनुसूचित जाति के छात्रों हेतू पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना और अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जनजाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के छात्रों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है।

### हथियारों का प्रदर्शन करने पर युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर आमजन में भय और दहशत का माहौल बनाने वाले तत्वों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रतिया पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ जस्स पुत्र निर्मल सिंह निवासी ब्राह्मणवाला के रूप में हुई है।

### भाजपा संगठन में की नई नियुक्तियां

**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने आज विभिन्न नियुक्तियां की तथा उनकी सूचि भी जारी की है। जोड़ा ने फतेहाबाद जिले के तीनों विधानसभाओं के बीएलए-1 की नियुक्तियां की हैं, जिसमें नरेन्द्र गर्ग को टोहाना विधानसभा, इन्द्र बतरा को फतेहाबाद विधानसभा व इन्द्राज मोगा को रतिया विधानसभा का बीएलए-1 नियुक्त किया है। दूसरी ओर शम्मी ढींगड़ा को कार्यालय सचिव एवं संजय बंसल व सन्नी बंसल को सह कार्यालय सचिव नियुक्त गया है।

### फतेहाबाद में बिजली अदालत आज

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा फतेहाबाद में 26 अगस्त मंगलवार को सुबह 11 बजे बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने बताया कि यह बिजली अदालत प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भट्टू रोड, मिनी बाईपास के पास, 132 केवी पॉवर हाऊस में स्थित एसई ऑपरेशन सर्कल, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### निगम की टीम पर हमला करने पर दो आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, बिजली निगम की टीम पर हमला करने और गाली-गलौज करने के मामले में दो आरोपियों राजेंद्र तथा हनुमान वासी ढाणी तेजा सिंह सिरसा को काबू किया है। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि बीती 24 जुलाई को शिकायतकर्ता बिजली निगम के जेई रोहताश कुमार अपनी टीम के साथ मोहल्ला ढाणी तेजा सिंह सिरसा में बकाया बिल के चलते कनेक्शन काटने व मीटर उतारने पहुंचे थे। उसी दौरान आरोपी राजेंद्र तथा हनुमान ने कर्मियों पर हमला कर दिया।

### पुलिस ने 50 वाहन चालकों के काटे चालान

**सिरसा।** यातायात थाना प्रभारी शमशेर सिंह सोमवार को पूरे एक्शन मोड में नजर आए और उन्होंने पूरे दलबल के साथ शहर के विभिन्न हिस्सों में नाके लगाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसा। 50 ऐसे दोपहिया व चौपहिया वाहन चालकों के चालान किए। जिला यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह ने संकल्पित होते हुए कहा कि यातायात नियमों से खिलवाड़ करने वालों के प्रति सख्ती दिखलाई जाएगी।



टोहाना। बरसात से सरकारी स्कूल के कार्यालय में घुसा पानी।





फतेहाबाद। सीवरेज ओवरफ्लो से सडक़ों पर फैला गंदा पानी। फोटोः हरिभूमि



फतेहाबाद। बरसात के बाद बीघड़ चौक पर लगा जाम। फोटोः हरिभूमि

**बरसात के प्रभाव:** ▶▶ बैंकों के सर्वर ठप ▶▶ नहीं हुई पेयजल सप्लाई ▶▶ बिजली ठप ▶▶ सीवरेज ओवरफ्लो

# 24 घंटे में भारी बरसात ने रिकार्ड तोड़े, जिले के सारे शहर जलमग्न, कुलां में सबसे अधिक 266 एमएम बरसा पानी

## भारी बरसात ने पिछले 10 साल के रिकार्ड तोड़े, सड़कों पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पिछले 24 घंटों से जिला फतेहाबाद में हो रही भारी बरसात ने पिछले 10 साल के रिकार्ड तोड़ दिए। इस बार सावन की झड़ी न लगकर भादो में बारिश की झड़ी लगी। राजस्व विभाग के अनुसार जिला के अधिकांश गांवों में 250 एमएम तक बरसात हुई है। बरसात से जहां धान की फसल को फायदा बताया गया है वहीं नरमे की फसल को काफी नुकसान होने की सूचना है। बारिश से सोमवार को जिले के जाखल, कुलां, टोहाना, फतेहाबाद, रतिया जैसे शहर जलमग्न नजर आए। हालात यहां तक बिगड़ गए कि बिजली की सप्लाई में फाल्ट आ गए। बैंकों के सर्वर काम करना बंद कर गए। सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति रही। घरों में कचरा उठाने के लिए गाड़ियां नहीं आई। बाजारों में ग्राहक नजर नहीं आए। फतेहाबाद में लाल बत्ती भी न चलने से ट्रेफिक में व्यवधान पड़ा। फतेहाबाद जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जन जीवन बेहाल हो चुका है। शहरों से लेकर गांवों तक के मुख्य रास्तों पर जलभराव हो चुका है। भारी बारिश के कारण जहां कपास की फसल में नुकसान की आशंका बढ़ गई है। वहीं, धान की फसल को फायदा मिल रहा है। जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिले में 100 से 250 एमएम तक बरसात दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश कुलां में 217 एमएम दर्ज हुई है।



**इतनी हुई बारिश**

| शहर | बारिश |
|---|---|
| फतेहाबाद | 123 एमएम |
| रतिया | 94 एमएम |
| टोहाना | 159 एमएम |
| भूना | 166 एमएम |
| भट्टूकलां | 57 एमएम |
| जखिल | 248 एमएम |
| कुलां | 266 एमएम |

(स्त्रोत : राजस्व विभाग)

फतेहाबाद। लाल बत्ती खराब होने से ट्रेफिक कंट्रोल करता कर्मचारी।

### सीवरेज ओवरफ्लो होने से फैली दुर्गंध

दो दिन से हो रही बारिश से शहर के सीवरेज ओवरफ्लो हो गए। दोपहर बाद जब बारिश रूकी तो सीवरेज मेनहॉल का पानी ओवरफ्लो होकर सडक़ों पर बहना लगा। इस कारण पूरे शहर में दुर्गंध फैल गई। बता दें कि पंचायत भवन से शुरू होकर रेस्ट हाऊस, जाट धर्मशाला, पुराना एसडीएम निवास, बीघड़ रोड, दुर्गा मंदिर, शिव पुरी, एमसी कालोनी चौक से होता हुआ सीवरेज का पानी लाल बत्ती चौक से वापस थाना रोड होते हुए चिल्ली की तरफ जाता है। जिस कारण पूरे शहर में ही सीवरेज का पानी फैलने से दुर्गंध का माहौल रहा।

### कपास की फसल को नुकसान, धान को फायदा

कपास उत्पादक किसानों के अनुसार, अगर इसी तरह और बारिश हुई तो कपास की फसल पूरी तरह गल जाएगी। जिले में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। जिले में औसत 160 एमएम से ज्यादा बारिश हो चुकी है। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, जिले में 70 हजार 500 हेक्टेयर में कपास की फसल की मई में बिजाई की गई थी। इस समय कपास की फसल पक कर तैयार हो रही है। अगले महीने नरमा चुगाई का काम शुरू होना है। ऐसे में इस समय ज्यादा बारिश कपास की फसल के लिए नुकसानदायक हो रही है। किसानों का कहना है कि कपास की फसल के लिए 50 से 100 सेंटीमीटर तक बारिश ही फायदेमंद होती है। इससे ज्यादा मात्रा में बारिश होने से फसल को नुकसान होने लगता है। खेतों में पानी भरने से फसल मुरझा जाती है। लंबे समय तक जलभराव रहने से पौधे नष्ट भी होने लगते हैं। जिले में बारिश से धान की फसल को लगातार फायदा हो रहा है। जिले में करीब 3 लाख 10 हजार एकड़ से ज्यादा में धान की फसल की बिजाई की हुई है।

### बिजली ट्रांसफार्मरों में आए फाल्ट

बारिश के कारण रविवार दोपहर बाद से ही बिजली के ट्रांसफार्मरों में फाल्ट आ गया। बार-बार ट्रिपिंग व 33 केवी सब स्टेशनों पर फाल्ट आने से बिजली की सप्लाई बाधित हो गई। यह क्रम रातभर चलता रहा। 33 केवी अहरवां, बड़ोपल, भड़ोलांवाली, हसंगा, दरियापुर, कुलां, जाखल में 8 से 10 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रही।

### शहर में पेयजल सप्लाई रही बाधित

बिजली की सप्लाई बाधित होने से फतेहाबाद में खैरातीखेड़ा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से आने वाली पानी की सप्लाई सोमवार को नहीं आई। दरअसल जब खैरातीखेड़ा रोड पर बिजली आपूर्ति चल रही थी तो शहर में बिजली आपूर्ति ठप्प थी। ऐसे में पेयजल सप्लाई का लोगों को कोई फायदा नहीं मिला। भट्टू रोड, पटवार भवन के पीछे व योग नगर के बूस्टिंग स्टेशन से भी पेयजल सप्लाई बाधित रही। सोमवार को दोपहर बाद तक पानी की सप्लाई नहीं हो सकी थी।

### बैंकों में कामकाज रहा ठप

बारिश के चलते बैंकों में सर्वर ठप्प हो गए। बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हाईवे पर शिवपुरी के साथ स्थित केनरा बैंक की ब्रांच के कर्मचारियों का कहना था कि सुबह से बीएसएनएल का सर्वर ठप्प होने से यहां कोई काम नहीं हो रहा। यहां पर बैंक के उपभोक्ता आए और खाली हाथ बैरंग लौटते देखे गए। बैंक कर्मचारियों का कहना था कि सभी बैंकों में ऐसे ही हालात हैं।

### अगस्त में निकली जून-जुलाई की कसर

रविवार को जिला में 20 दिन बाद बादल बरसे तो लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल, धान की फसल के लिए पानी की सख्त आवश्यकता थी। जून और जुलाई में यहां नाममात्र बरसात हुई तो अगस्त में सारी कसर पूरी हो गई। रविवार दोपहर को शुरू हुई बरसात रात भर चली। सोमवार अलसुबह से दोपहर तक फिर बादल बरसे। अत्याधिक बरसात से हालात यह हुए कि शहर की हर सडक़, बाजार और कालोनियां जलमग्न हो गई। फतेहाबाद ही नहीं, टोहाना, जाखल, कुलां, रतिया, भट्टू में भी भारी बरसात दर्ज की गई है।

### ट्रेफिक कर्मचारियों ने संभाली यातायात व्यवस्था

बारिश के चलते फतेहाबाद में लाल बत्ती चौक पर लगी लाल बत्ती खराब हो गई। इस कारण यातायात व्यवस्था ठप्प हो गई। ट्रेफिक कर्मचारियों ने जैसे-तैसे यातायात व्यवस्था संभाली लेकिन भट्टू रोड व दूसरी दिशा में नगरपरिषद के सामने जलभराव होने से यातायात संभालने में भी दिक्कत आई।

## सिरसा में बारिश से सड़कें तालाब में हुई तबदील

- दो दिनों में की बारिश ने तोड़े रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला में दो दिनों से लगातार बरसात हो रही है। बरसात से जहां नरमा-कपास को नुकसान हो रहा है, वहीं धान, मूंगफली, ग्वार व बाजरा फसल को फायदा हो रहा है। शहर की सड़कें पानी से लबालब हो गई और जगह-जगह से धंस गई हैं। दो दिनों में सिरसा में 41 एमएम, कालांवाली में 48 एमएम, रोड़ी में 45 एमएम, अबूबशहर में 37 एमएम व पंजुआना में 9 एमएम बरसात रिकार्ड की गई है। बरसात से शहरी क्षेत्र में आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक भी परेशान हैं। बरसात से बाजारों पर भी असर पड़ा है और दुकानदार खाली बैठे हैं। सब्जी व फास्टफूड की रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन पोषण करने वालों पर भी बरसात की मार पड़ी है। उधर, चौपटा क्षेत्र में सावनी की फसल को भी फायदा हुआ है। क्षेत्र में 60000 हेक्टेयर में सावनी की फसल की बिजाई हुई है. 26000 हेक्टेयर में बीटी नरमा, 3000 हेक्टेयर में देशी कपास, 800 हेक्टेयर में मूंगफली, 17000 हेक्टेयर में ग्वार, 900 हेक्टेयर में बाजरा और करीब 2100 हेक्टेयर में धान फसल की बिजाई की गई है। किसान महेंद्र सिंह, जगदीश, महावीर, कृष्ण कुमार का कहना है कि सावनी की फसल में नरमा, मूंग, मूंगफली और धान फसल की बिजाई की गई है। यह फसल सिंचाई के अभाव में खराब हो रही थी। और लेकिन अब अचानक आए मौसम में बदलाव से और बारिश से इन फसलों को संजीवनी मिल गई है।

### अधिक बारिश से फसलों को होगा नुकसान

कृषि विकास अधिकारी डा. शैलेंद्र सहारण ने बताया कि चोपटा खंड में अब क्षेत्र में अब तक 60000 हेक्टेयर में सावनी की फसल की बिजाई हुई है. बीटी नरमा, देशी कपास, मूंगफली, ग्वार, बाजरा और धान फसल की बिजाई की गई है। अभी तक क्षेत्र में बरसात से फसलों को नुकसान नहीं है, लेकिन बरसात लगातार जारी रहती है तो फसलों को नरमा-कपास की फसल को नुकसान हो सकता है।

## 61 वर्षीय छिंद्र सिंह मैराथन में अव्वल

- 21 किलोमीटर की दौड़ को 96 मिनट में किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

क्षेत्र के गांव नकौड़ा निवासी 61 वर्षीय मा. छिंद्र सिंह ने डबवाली में आयोजित यूथ मैराथन में 21 किलोमीटर की दौड़ को 96 मिनट में पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके साथ गांव अमृतसर कलां के 65 वर्षीय मा. मुख्तयार सिंह ने भी मैराथन में प्रतिभागिता की। श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट संतनगर के पदाधिकारी दविंद्र सिंह काहलो व जितेंद्र सिंह ढिल्लों ने दोनों को बधाई देते हुए बताया कि मॉ. छिंद्र सिंह व मुख्तयार सिंह प्रेक्टिस के साथ-साथ युवाओं को भी प्रशिक्षण देते हैं। इससे पूर्व भी दोनों अनेक स्टेट व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर कई पदक जीत चुके हैं।



सिरसा। मैराथन के विजेता मा. छिंद्र सिंह व मा. मुख्तयार सिंह। फोटोः हरिभूमि

## चौटाला गांव में सरेआम बिक रहा है नशा

**डबवाली।** एक तरफ तो प्रदेश के मुख्यमंत्री नशे के खिलाफ डबवाली में यूथ मैराथन निकाल कर गए हैं और दूसरी तरफ शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगातार धड़ल्ले से अवैध नशे का व्यापार जोरों शोरों से चल रहा है। यह आरोप किसान नेता राकेश फगोडिया ने लगाया है। उन्होंने चौटाला गांव में बिक रहे नशे की बाबत पुलिस में ग्रामीणों के साथ मिलकर शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि चौटाला गांव में देवीलाल पार्क के पास किराए के मकान में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा नशा बेचने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बाबत अब शिकायत दर्ज करवाई गई है।

## पुलिस ने दो और आरोपी किए काबू

- मुस्साखेड़ा आकाशदीप हत्याकांड के मामले में पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के जाखल क्षेत्र के गांव मुस्साखेड़ा में एक युवक की बेरहमी से पीटकर उसकी हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बिन्टू सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र जसबीर सिंह, निवासी मुस्साखेड़ा तथा मंजीत सिंह उर्फ निम्बू पुत्र हरपाल सिंह निवासी रूपांवाली, थाना सदर टोहाना के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि 10 अगस्त को गांव मुस्साखेड़ा निवासी आकाशदीप के साथ कुछ युवकों द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई थी।



फतेहाबाद। हत्या मामले में गिरफ्तार दोनों युवक। फोटोः हरिभूमि

## जन भागीदारी से शहर को सुंदर बनाने पर रहेगा फोक्स : बिश्नोई

- हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को लेकर डीएमसी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला नगरायुक्त संजय बिश्नोई ने सोमवार को सभी संबंधित अधिकारियों एवं नगर परिषद/नगर पालिका को निर्देश दिए कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 24 अगस्त से 7 नवंबर, 2025 के अंतर्गत सभी गतिविधियों को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिला फतेहाबाद स्थित सभी नगर पालिकाओं में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान - हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान, स्वच्छ हरियाणा की पहचान शुरू की गई है जो कि आगामी 11 हफ्ते तक चलेगी जिसमें साप्ताहिक शेड्यूल जारी किया गया है। अभियान के अंतर्गत सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय, इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग में साफ सफाई करने बारे जागरूक किया जाएगा, ताकि शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाया जा सके। इस अभियान के तहत सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा नगर परिषद/पालिकाओं द्वारा शहर स्थित सभी जीवीपी को हटा कर उसका सौंदर्यकरण करना है। साथ ही लोगों को घर-घर जाकर कचरा संग्रह एवं प्रथ्क्कीकरण के बारे में भी बताना है।

**शहर में 20 से अधिक स्थानों पर होगा गणेशोत्सव**

# गणेश चतुर्थी 27 को, 6 सितंबर को होगा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गणपति बप्पा मोरयां' यानि रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश का चतुर्थी पर्व 27 अगस्त को है। इस दिन से प्रथम पूजनीय विघ्नहर्ता के पूजन और उपासना का पर्व गणेशोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। यह पर्व रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश को समर्पित है। हर साल यह पर्व भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होता है और भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की अनन्त चतुर्दशी को समाप्त होता है। इस दौरान भक्त पूरे श्रद्धा भाव से घरों, मंदिरों और पंडालों में 10 दिनों तक गणपति बप्पा की स्थापना की जाएगी। इस पर्व की शुरुआत बुधवार को हो रही है, इस दिन शुभ योग, शुक्ल योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का संयोग बनेगा, साथ ही हस्त नक्षत्र और चित्रा नक्षत्र भी रहेंगे। गणेश विसर्जन 6 सितंबर को होगा।



फतेहाबाद। कलाकार द्वारा बनाई गई गणेश प्रतिमाएं। फोटोः हरिभूमि

### शहर भर में गणेश मूर्ति की स्थापना की जाएगी

गणेश महोत्सव को लेकर हर बार श्रद्धालुओं में काफी उत्साह नजर आता है। श्रद्धालु पूरा साल इस महोत्सव का इंतजार करते हैं। बड़ी संख्या में लोग घरों में भी गणेश जी की स्थापना करते हैं। इस बार यहां राजस्थान, बंगाल, महाराष्ट्र और उड़ीसा से आए कलाकार मूर्ति बना रहे हैं। राजस्थान से आए कलाकारों ने 400 से अधिक गणेश प्रतिमाएं बनाई हैं, जिनकी कीमत 500 से 16000 रुपए तक है। खास बात यह है कि प्रतिमा में पूरी तरह से मिट्टी का प्रयोग किया है। कलाकार राजेश ने कहा कि विसर्जन के बाद मिट्टी पूरी तरह से पानी में घुल जाएगी और किसी प्रकार से पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा।

### गणेशजी को दूर्वा जरूर चढ़ाएं

पंडित राजेश शर्मा के अनुसार दूर्वा, जिसे दूब घास भी कहा जाता है, गणेश जी को अत्यंत प्रिय है। यह एक औषधीय पौधा है और विभिन्न बीमारियों में राहत देने का काम करता है। धार्मिक मान्यता अनुसार, जब गणेश जी ने अनलासुर नामक दैत्य को निगल लिया था, तब पेट में उत्पन जलन को शांत करने हेतु उन्होंने दूर्वा का सेवन किया था। तब से दूर्वा उन्हें अत्यंत प्रिय है।

रोहतक, मंगलवार
26 अगस्त 2025

# हरिभूमि सहेली



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

## बिजी रुटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल

**चेतना झा**

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

### मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



## बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप

**अंजू जैन**



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्म जोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

---

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

## कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

हेयर केयर

**ललिता गोयल**

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।


**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रेंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

---

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

## रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

पूजन-विधि

**आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी**



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्घ्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ऊँ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

### गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ऊँ सुमुखाय नमः, ऊँ एकदंताय नमः
- ऊँ कपिलाय नमः, ऊँ गजकर्णकाय नमः
- ऊँ लंबोदराय नमः, ऊँ विकटाय नमः
- ऊँ विघ्ननाशकाय नमः, ऊँ विनायकाय नमः
- ऊँ धूम्रकेतवे नमः, ऊँ गणाध्यक्षाय नमः
- ऊँ भालचंद्राय नमः, ऊँ गजाननाय नमः



---

## गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

रेसिपी

**श्रुति आयंगर**

### अमृत मोदक



**सामग्री**

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

**विधि**

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।

### नारियल-गुलाब मोदक



**सामग्री**

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:** गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

**विधि**

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

## खबर संक्षेप

### एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स की प्रक्रिया पूरी

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स की नई नामांकन प्रक्रिया आयोजित हुई। इस अवसर पर तीन हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, हिसार से सूबेदार निरपाल तथा हवलदार रवि शंकर विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने कैडेट्स का निरीक्षण किया और पूरी प्रक्रिया की देखरेख की। भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न हुई। सबसे पहले शारीरिक दक्षता परीक्षण में दौड़ और अन्य गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता को परखा गया।

### शारीरिक-मानसिक शांति का स्रोत है योग: योगी

**सिरसा।** महात्मा बुद्ध योग संस्थान द्वारा एकता नगर पार्क में आयोजित करवाया गया पांच दिवसीय योग कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर योगाचार्य नरेंद्र योगी ने उपस्थित नागरिकों को योग और प्राणायाम की महत्ता पर कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती बनी रहती है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्राप्त होता है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन, ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास किया।

### मोबाइल छीनने के मामले में तीसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** गोल गप्पे खाने के बहाने रेहड़ी चालक का मोबाइल छीनकर धोखे से 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्की उर्फ स्लेडा पुत्र देवाराम निवासी वार्ड नंबर 3, पुराना अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### व्यक्तिगत ऋण योजना महिलाओं के लिए लाभकारी

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली व हरियाणा की स्थायी निवासी महिला योजना के लिए पात्र होंगी।

### मेगा पौधरोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**फतेहाबाद।** लायंस क्लब फतेहाबाद गौरव द्वारा श्मशान भूमि बीघड़ में मेगा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विशाल वढेरा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि फस्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गांधी और सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश बंसल थे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रीजन चेयरमैन सोनू जिंदल, जोन चेयरमैन नितिन झंडाई और डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी मुनीश गर्ग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान क्लब द्वारा 80 फलदार पौधे जैसे नींबू, आंवला, आम, जामुन, अर्जुन, चीकू और बेलपत्र लगाए गए।

### डायमंड स्कूल का कुश्ती में शानदार प्रदर्शन

**भूना।** स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ब्लॉक व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में डायमंड इंटरनेशनल स्कूल नहला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। स्कूल के प्रबंध निदेशक सतीश कुमार ढिल्लों ने बताया कि स्कूल की हैंडबॉल टीम ने अंडर-14 आयु वर्ग में जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अलावा कुश्ती प्रतियोगिता में 48 किलोग्राम और 71 किलोग्राम भार वर्ग में स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में एक खिलाड़ी तथा हैंडबॉल में भी एक खिलाड़ी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

## फतेहाबाद में किसानों की बैठक का आयोजन

# सीएम आवास के घेराव के लिए हजारों किसान करेंगे कुरूक्षेत्र कूच : मनदीप

### खाद वितरण में पोर्टल की कंडीशन को खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रदेशभर के किसान संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर एक सितम्बर को कुरूक्षेत्र में सीएम आवास का घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से भी हजारों की संख्या में किसान भाग लेंगे। यह बातपगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने फतेहाबाद में किसानों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ब्लाक स्तरीय बैठक किसान रैस्ट हाऊस, फतेहाबाद में हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान नेता लवी बाठ ने की। बैठक में एक सितम्बर को किए जाने वाले प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई और इसको लेकर गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाने के साथ-साथ किसानों को कुरूक्षेत्र ले जाने को लेकर ड्यूटियां लगाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि सरकार हर रोज किसानों पर नए कानून थोप रही है।मनदीप नथवान ने कहा कि एक सितम्बर को सीएम आवास पर किए जाने वाले प्रदर्शन के बाद भी अगर सरकार ने किसान विरोधी कदम वापस नहीं लिए और बातचीत कर समस्याओं का समाधान नहीं किया तो किसान एक बार फिर सडक़ों पर उतरने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर भुपिंदर रंधावा, ओमप्रकाश हसंगा, मलकीत उप्पल, अमन बाठ, छबील दास, सुरेश गढ़वाल, राकेश मलिक, कर्मजीत सिंह, पवन डूडी, इंदर श्योराण, सुखदीप रंधावा, रविन्द्र सिंह सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### प्रमुख मांगें

सरकार ने खाद वितरण में पोर्टल की कंडीशन थोप दी। उन्होंने मांग की कि इस कंडीशन को खत्म किया जाए। इसके अलावा 15 सितंबर से धान की खरीद शुरू की जाए। फिजी वायरस से हुए नुकसान की स्पेशल गिरदावरी करवाकर मुआवजा दिया जाए। फसलों की समय पर खरीद और एमएसपी की गारंटी दी जाए। नकली बीज-कीटनाशक पर रोक और उसमें पारदर्शिता लाई जाए। नहरों, ड्रेनों की सफाई और सिंचाई सुविधाओं में सुधार हो। ट्यूबवेल कनेक्शन में फालतू की प्रक्रियाएं समाप्त होनी चाहिए। बिजली बिल और स्मार्ट मीटर योजना को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना में पारदर्शिता लाते हुए एक-एकड़ आधारित सर्वे किया जाए। मनदीप नथवान ने कहा कि बरसात और जलभराव से जिले में फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में प्रशासन तुरंत इन फसलों की गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दें।



**सिरसा।** किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता।। फोटो : हरिभूमि

#### प्रदर्शन में बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील

**सिरसा।** मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर सोमवार को भारतीय किसान एकता के सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर एक सितंबर के कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की। किसान नेता लखविंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 1 सितंबर को किसान प्रदर्शन करते हुए सीएम आवास पर पहुंचेंगे। बीती आठ अगस्त को पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर प्रदर्शन कर अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए थे, लेकिन सरकार ने किसानों की समस्याओं का अनदेखा किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांगों में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत सी2+50 के अनुसार एमएसपी तय करके किसानों की फसलों की खरीद, निम्न क्वालिटी व नकली बीज, खाद, कीटनाशकों की बिक्री पर रोक लगाने, खाद में टैगिंग व कालाबाजारी बंद करने, नहरों, ड्रेनों की सफाई और सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा किसानों के लिए नहरी पानी 3 सप्ताह सप्लाई व एक सप्ताह बंदी का शैड्यूल जारी किया जाए तथा आगामी 15 सितंबर से धान की खरीद शुरू की जाए। बिजली बिल-2025 और स्मार्ट मीटर योजना को वापस लिया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पारदर्शिता लाई जाए, किसानों की मर्जी के बिना उनके केसीसी खातों से बीमा प्रीमियम ना काटा जाए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने अमेरिका से आने वाली रूई पर आयत शुल्क हटाकर किसानों को बर्बाद करने का काम किया है। इस अवसर पर नमन सहारण, काकू मेहता, जसबीर पंधेर, अजय भारी, कृष्ण भाखर, सुभाष झोरड़, मास्टर पाली राम, मांगेराम झोरड़, सत्य झोरड़, नरेश सहारण व धनराज आदि किसान मौजूद थे।

## आधुनिक जिला पुस्तकालय निर्माण तक जारी रहेगा संघर्ष : नारंग



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते पुस्तकालय संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- पुस्तकालय संघर्ष समिति की बैठक, प्रशासनिक उदासीनता पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला पुस्तकालय के मुद्दे को लेकर पुस्तकालय संघर्ष समिति की बैठक सेवानिवृत वेटनरी डॉक्टर भगवान दास की अध्यक्षता में पुरानी कचहरी रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में हुई। बैठक में जिला पुस्तकालय की बदहाल स्थिति, प्रशासनिक उदासीनता और शहर में इसके उचित स्थान को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि बुधवार 27 अगस्त को समिति का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेगा और उनसे मांग की जाएगी कि न, बस स्टैंड पर बोरियों में बंद कर रखी गई पुस्तकों को तुरंत सम्मानपूर्वक अलमारियों मंब रखा जाए और उन्हें आजीवन सदस्यों के लिए उपलब्ध कराया जाए। संघर्ष समिति का कहना है कि हजारों पुस्तकों को बोरियों में बंद करके रखा जाना न केवल किताबों का, बल्कि शिक्षा व ज्ञान का भी अपमान हैै। मीटिंग के बाद संयोजक मोहनलाल नारंग ने मीडिया को बताया कि पुस्तकालय संघर्ष समिति गांधीवादी तरीके से संघर्ष को आगे बढ़ाएगी। संयोजक ने स्पष्ट किया कि जब तक फतेहाबाद को एक आधुनिक जिला पुस्तकालय नहीं मिलता, तब तक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में एडवोकेट सुशील बिश्नोई, नागरिक मंच के संयोजक राजीव सेतिया, सिटी वेलफेयर क्लब के प्रधान विनोद अरोड़ा, पूर्व सरपंच रामजस, कर्मचारी नेता सुभाष चौहान, अध्यापक रमेश कुमार, अध्यापक गोल्डी झंडई, संतोख सिंह वधवा, राजकुमार बीसला, संजय, योगेश कुमार, राधेश्याम सोनी, मौजम अली, सुरेंद्र जटिया, हरबंस लाल मेहरा, नवीन सिन्हा आदि अनेक पुस्तकालय सदस्य मौजूद रहे।

### सिरसा के युवक से साढ़े पंद्रह लाख की ठगी

**सिरसा।** जिला के सादेवाला निवासी दीपक कुमार से विदेश भेजने के नाम पर करीब 15.50 लाख धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक कुमार ने बताया कि गोविजा एजुकेशनल कंसल्टेंट्स मोहाली द्वारा उसके साथ विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी व ठगी की है। एक साल पहले वह कंसल्टेंट ऑफिस में गुरदीप सिंह मिला था, जिसने उसे पहले ऑस्ट्रेलिया भेजने की बात की। बाद में उसे ऑस्ट्रेलिया की बजाय कनाडा भेजने के लिए कहा। इसके नाम पर उससे 15 लाख 50 हजार रुपए ले लिए।

## सांसद खेल महोत्सव के लिए 29 अगस्त से पंजीकरण शुरू : बराला

- मेजर ध्यानचंद जयंती पर होगी राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि टोहाना आज खेल हब के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। यहां बनाए गए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल स्टेडियम में खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस स्टेडियम का लाभ प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी ले रहे हैं। वे सोमवार को अपने फार्म हाउस पर खिलाडिय़ों के एक प्रतिनिधि मंडल से बातचीत कर रहे थे। खिलाडिय़ों ने सांसद बराला से मुलाकात के दौरान सरकार की खेल नीतियों की सराहना की। सांसद बराला ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में टोहाना में आधुनिक तकनीक से लैस खेल स्टेडियम बनाया गया। इसके परिणामस्वरूप यहां के खिलाड़ियों ने स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाडिय़ों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक देश में राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता और अन्य खेल आयोजनों का भव्य आयोजन होगा।



**फतेहाबाद।** खिलाड़ियों से मिलते सांसद सुभाष बराला।

### सीडीएलयू में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में विश्वविद्यालय के यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज़ सेल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद एवं समाजसेवी राजकुमार ग्रोवर ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन की सार्थकता तभी है जब हम अपने अंदर मानवीय मूल्यों का विकास करें। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीक और भौतिक संसाधनों की भरमार होने के बावजूद व्यक्ति के भीतर का संतुलन बिगड़ रहा है, जिसे केवल आत्मचिंतन, नैतिक आचरण और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही पुनः स्थापित किया जा सकता है।

## मांगों को लेकर होगा आंदोलन: बलबीर

- किसान सभा फतेहाबाद का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन सम्पन्न,

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

अखिल भारतीय किसान सभा फतेहाबाद का नौवां त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन शहीद चन्द्र शेखर आजाद भवन, भूना में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के राज्य प्रधान मास्टर बलबीर सिंह ने भाग लिया वहीं संचालन जिला सचिव राजेन्द्र बाटू ने किया। सम्मेलन में सरकार की किसान विरोधी नीतियों की जमकर निंदा की गई। सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए राज्य प्रधान मास्टर बलबीर सिंह ने नकली खाद, बीज, पेस्टीसाईड बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने, केन्द्र व राज्य सरकार की कारपोरेट समर्थक नीतियों को वापस लेने, बिजली का निजीकरण वापिस लेने, किसानों का कर्जा माफ करने, सभी फसलों के खरीद की गारंटी तथा स्वीमीनाथन रिपोर्ट अनुसार फसलों के रेट देने की मांग की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान मास्टर बलबीर सिंह ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते आज खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसानों को उनकी फसलों के लाभकारी दाम नहीं मिल रहे। बरसात और सेम के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही है। मुआवजा लेने के लिए किसानों को अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन कर पड़ रहे हैं। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर सरकार की नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया।





**भूना।** किसान सभा के जिला सम्मेलन को संबोधित करते राज्य प्रधान मास्टर बलबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

## दुष्यंत चौटाला ने किया महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य: मलिक

- जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय महिला बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जननायक जनता पार्टी की महिला प्रदेशाध्यक्ष रजनी मलिक ने कहा कि हरियाणा में जननायक चौधरी देवीलाल और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ही सही मायने में महिला शक्ति को सम्मान दिया। वे सोमवार को जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय महिला बैठक में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम के प्रयासों की बदौलत ही ये संभव हुआ कि हरियाणा में महिलाओं को पंचायती चुनावों में आरक्षण मिला। प्रदेश में महिलाओं को पंचायत चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण का समुचित लाभ मिला। इसी तरह राशन डिपुओं में 33 फीसदी आरक्षण दिलवाया। युवाओं के उत्साहवद्र्धन के लिए पूरे प्रदेश में 28 हजार ई लाइब्रेरी बनवाई थी। उन्होंने तमाम सांगठनिक महिलाओं से जेजेपी की कल्याणकारी नीतियों को प्रचारित कर अधिक से अधिक महिलाओं को जेजेपी संगठन से जोडऩे का आह्वान किया।



**सिरसा।** जेजेपी महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



**सिरसा।** कार्यशाला में भाग लेती छात्रा अध्यापिकाएं। फोटो : हरिभूमि

### एसएस कालेज में पेपर फ्लोरल आर्ट कार्यशाला आयोजित

**सिरसा।** शाह सतनाम जी शिक्षण महाविद्यालय में साहित्यिक एवं ललित कला क्लब के सौजन्य से तीन दिवसीय पेपर फ्लोरल आर्ट कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बी.एड. के छात्र-अध्यापकों ने भारतीय पारंपरिक पुष्प आकृतियों और विभिन्न सजावटी सामानों को तैयार करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का समन्वयन डॉ. मोना सिवाच और गुरजोत कौर ने किया। ट्रेनर रजनी सोनी ने छात्र-अध्यापकों को घरेलू सामानों की साज-सज्जा, सजावटी सामान तैयार करने, फूल-पत्तियां बनाने, तथा फूलों से मालाएं और तोरण बनाने की कला सिखाई। कार्यशाला के समापन समारोह में प्राचार्या डॉ. रजनी बाला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा इस तीन दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से छात्र-अध्यापकों ने जो कौशल सीखा है, वह उनके जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। सजावट और कलात्मक तत्वों का सही तालमेल जीवन को और अधिक आकर्षक बनाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## शिविर में 131 यूनिट रक्त एकत्रित

- दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य तिथि पर आनंद सरोवर में शिव शक्ति ब्लड सैंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। आनंद सरोवर की संचालिका बीके बिंदु ने बताया कि दादी प्रकाशमणि करूणा, दया, सदभावना, सहयोग जैसे मानवीय मूल्यों की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंनें अपना सम्पूर्ण जीवन जन सेवा में समर्पित किया। उन्होंने बताया कि इस बार संस्थान के समाज सेवा प्रभाग ने उनकी पुण्य स्मृति में बीती 22 से 25 अगस्त तक भारत तथा नेपाल के 6 हजार सेवाकेंद्रों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कर एक लाख युनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा था लेकिन अब तक डेढ़ लाख युनिट रक्त एकत्रित हो चुका है। इसी कड़ी में आनंद सरोवर परिसर में भी यह शिविर लगाया गया जिसमें 131 युनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिव शक्ति ब्लड सेंटर के डायरेक्टर डॉ. आरएम अरोड़ा ने कहा कि रक्त अमृत के समान है, रक्तदान से मात्र एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। डॉ. वाई के चौधरी ने कहा कि रक्तदान में भयभीत नहीं होना चाहिए यह बहुत सहज प्रक्रिया है, मात्र चौबीस घंटे में ही शरीर इसकी पूर्ति कर लेता है और तीन महीने बाद व्यक्ति दोबारा रक्तदान कर सकता है।



**सिरसा।** रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को आशीर्वाद प्रदान करते बीके बिंदू बहन।



**सिरसा।** शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 91 मरीजों की जांच

**ओढा।** गांव पन्नीवाला मोटा में ग्राम पंचायत व ग्राम सुधार युवा मंडल क्लब के सहयोग से ग्राम सचिवालय में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर की शुरुआत महिला सरपंच मंजू वाला बेनीवाल व भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय कसवां ने रिबन काट कर किया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने जनरल सर्जरी, कान, नाक व गला, स्त्री व प्रस्तुति रोग के फ्री टेस्ट किए। शिविर में कुल 91 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी प्रदीप बेनीवाल ने भुल्लर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के डॉ हरप्रीत सिंह, डॉक्टर शरणदीप कौर, डॉ पूजा शर्मा की टीम का ग्राम पंचायत व क्लब की तरफ से धन्यवाद किया। शिविर में गांव के काफी लोगों ने चेकअप करवाया और जरूरतमंद रोगी जो शहर में नही जा पाते उन्होंने इस कैम्प का पूरा लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ जगदीश जाखड़, डॉक्टर छत्रपाल सहारण, लाला राम, कुलदीप सहारण, अमर सिंह भारी, लाला राम डूडी सहित अनेक गांववासी उपस्थित रहे।

## कोर्ट या ट्रैफिक पुलिस व्हाट्सएप लिंक से चालान भुगतान करने को नहीं कहती

# ई-चालान के नाम पर फर्जी लिंक से बचें : एसपी

- लोगों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

डिजिटल युग में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर आम जनता को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में देखा गया है कि वे ई-चालान के नाम पर नकली मैसेज और फर्जी लिंक भेजकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। एसपी जैन ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस या न्यायालय कभी भी व्हाट्सएप, एसएमएस या किसी अन्य अनजान लिंक के माध्यम से ई-चालान भरने के लिए नहीं कहती। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि ऐसे किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की पुष्टि जरूर करें।

#### केवल अधिकृत एप या पोर्टल से ले जानकारी

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि चालान संबंधी सही जानकारी केवल परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या ट्रैफिक पुलिस के अधिकृत एप या पोर्टल पर ही उपलब्ध होती है। अगर किसी को चालान का मैसेज या लिंक प्राप्त होता है, तो बिना जांच किए उस पर क्लिक न करें क्योंकि यह साइबर ठगी का जरिया हो सकता है। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को डराने या भ्रमित करने के लिए इस प्रकार के मैसेज भेजते हैं जैसे आपका चालान बकाया है, तुरंत भुगतान करें। इस तरह के मैसेज में जो लिंक होता है, वह व्यक्ति को किसी फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है, जहां कार्ड की जानकारी या ओटीपी डालते ही बैंक खाता खाली कर दिया जाता है।

#### नागरिको को दिए महत्वपूर्ण सुझाव



एसपी सिद्धांत जैन

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं, जैसे कि ई-चालान की जानकारी केवल अधिकृत पोर्टल से ही प्राप्त करें, किसी भी व्हाट्सएप या एसएमएस लिंक पर क्लिक न करें, अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें, ट्रैफिक पुलिस का नंबर गूगल पर खोजने की बजाय सरकारी वेबसाइट से ही लें, और किसी भी संदिग्ध मैसेज की स्थिति में नजदीकी थाना या ट्रैफिक पुलिस से तुरंत संपर्क करें। यदि कोई व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो उसे तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ई-चालान भरने का केवल एक ही सुरक्षित तरीका है सरकारी पोर्टल। बाकी सभी लिंक या वेबसाइट संभावित रूप से फर्जी और ठगी के लिए हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि इस संदेश को अपने परिवार, मित्रों और जानने वालों तक अवश्य पहुँचाएं ताकि कोई भी इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार न हो।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सिरसा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत डीपीआरसी भवन में सोमवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को 3 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सशक्त पंचायत-नेत्री अभियानः महिला अनुकूल पंचायत के तहत महिलाओं को नेतृत्व और पंचायत कार्य संचालन में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान महिला प्रतिनिधियों को प्रभावी संवाद, सत्र संचालन की तकनीक, आवाज के उतार-चढ़ाव व सहभागितात्मक प्रशिक्षण विधियों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

### अव्यवस्था को लेकर सीएम को सौंपी पेन ड्राइव

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने सिरसा आगमन के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी को पेन ड्राइव सौंपकर शहर में अव्यवस्थाओं को उजागर किया। इस पेन ड्राइव में शहर की बदहाल व्यवस्था की पूरी पिक्चर कैद है। शर्मा ने कहा कि यह पेन ड्राइव नगरपरिषद व पब्लिक हेल्थ का कच्चा चिट्ठा खोलना का काम करेगी। शर्मा ने कहा कि श्री गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जाते समय जब मुख्यमंत्री का काफिला मोहल्ला जंडवाला स्थित उनके कार्यालय के आगे रुका तो उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें पेन ड्राइव सौंपी।

### छात्रवृति के लिए 31 तक करें आवेदनः सुथार

**सिरसा।** श्री विश्वकर्मा एजूकेशन ट्रस्ट सिरसा द्वारा जांगिड़/सुथार समाज के मेधावी विद्यार्थियों से वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से परीक्षाओं में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को हर वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी 01 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 को सांय 5 बजे तक आवदेन भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगी, जो सिरसा जिला का मूल निवासी हो, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 250000 रुपए से कम हो। आवेदक ने वर्ष 2025 की बोर्ड/यूनिवर्सिटी परीक्षा में 80 प्रतिशत या अधिक तथा स्नातकोतर एवं व्यवसायिक कोर्सेज के लिए 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

### प्रियंका ने सीएम को भेंट की पेंटिंग, सराहा

**सिरसा।** मुख्यमंत्री के सिरसा आगमन पर गौशाला निवासी पप्पल वर्मा की पुत्री प्रियंका ने सीएम को अपने हाथों से बनाई पेंटिंग भेंट की। प्रियंका ने सीएम नायब सिंह सैनी का खूबसूरत चित्र बनाया था, जिसे मुख्यमंत्री को सप्रेम भेंट किया। दरअसल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बीते दिवस श्री गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत में प्रियंका, पार्षदइ पूजा सैनी, पूर्व पार्षद सुशील सैनी, सिवानी, बाबूलाल सैनी, पप्पल वर्मा आदि खड़े थे। मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रोका और स्वागत में खड़े लोगों से कुछ देर बातचीत की। प्रियंका मुख्यमंत्री का चित्र लेकर खड़ी थी, जिसे उन्होंने भेंट किया। सीएम ने पेंटिंग को गौर से निहारा और खूब तारीफ की।

### अभय चौटाला 27 को फतेहाबाद के दौरे पर

**फतेहाबाद।** इंडियन नैशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला 27 अगस्त को फतेहाबाद जिले के टोहाना, रतिया, फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर हल्का स्तरीय कार्यकर्ता बैठकों को सम्बोधित करेंगे व 25 सितंबर को रोहतक मे होने वाली प्रदेशस्तरीय रैली का न्योता देंगे। यह जानकारी देते हुए इनेलो जिला प्रधान बिकर सिंह हड़ोली ने बताया कि इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला व प्रदेशध्यक्ष रामपाल माजरा 27 अगस्त को सुबह 10 बजे टोहाना की भाटिया धर्मशाला में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे रतिया की जैन समाधि धर्मशाला तथा शाम 4:30 बजे फतेहाबाद में बैठक लेंगे।

# हत्या को एक्सीडेंट बनाने की कोशिश! भूना में विजय कुमार की मौत पर गरमाई सियासत

## महापंचायत में पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम, 29 को भूना में आंदोलन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

न्यू बस स्टैंड के सामने 19 अगस्त को हुई स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर अब महज हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश का मामला बन गई है। मृतक विजय कुमार वाल्मीकि के परिजनों और समाज के लोगों ने इसे हत्या करार देते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। इसी को लेकर सोमवार को भूना की अनाज मंडी में सर्व समाज की महापंचायत आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। महापंचायत में पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि 28 अगस्त तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो 29 अगस्त को भूना में बड़ा आंदोलन होगा, जिसमें सड़क जाम और थाने का घेराव जैसे कदम उठाए जाएंगे।

महापंचायत की अध्यक्षता व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान अजय मेहता ने की और संचालन नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा ने किया। इस दौरान एसएचओ ओमप्रकाश बिश्नोई भी मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया कि 28 अगस्त से पहले सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि विदेश भागने की फिराक में लगे आरोपी पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।



भूना। अनाज मंडी भूना में सर्वसमाज की महापंचायत में पुलिस कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई

### ये है मामला

घटना के अनुसार, राजकीय महाविद्यालय प्रथम वर्ष का छात्र अमनदीप सिंह अपने दो साथियों साहिल भूना और सुमित डूल्ट के साथ कॉलेज से निकला था। उनके साथ विजय कुमार वाल्मीकि भी बाइक पर सवार हो गया। लेकिन महज 50 मीटर दूर पहुंचते ही पीछे से आई तेज रफ्तार काली स्कॉर्पियो ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे विजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शुरू में यह मामला एक्सीडेंट का बताया गया और अमनदीप की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ, लेकिन दो दिन बाद ही इसमें साजिश की बू आने लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कॉर्पियो पहले पेट्रोल पंप की ओर गई और फिर यू-टर्न लेकर वापस आई और टक्कर मार दी। हादसे के कुछ घंटों बाद यह गाड़ी शुगर मिल के पास लावारिस हालत में मिली। जांच में सामने आया कि यह स्कॉर्पियो उकलाना निवासी एक व्यक्ति से 4500 रुपए प्रतिदिन किराए पर ली गई थी, जिसमें दो युवकों की आईडी जमा करवाई गई थी। महापंचायत में वक्ताओं ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक आम लोग विरोध नहीं करते, तब तक पुलिस कार्रवाई नहीं करती। पूर्व में एक रिटायर्ड सूबेदार के मामले में भी पुलिस ने निष्क्रियता दिखाई थी। विजय वाल्मीकि के केस में भी यही रवैया अपनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि जनता का दबाव बना तो ही पुलिस ने धाराएं जोड़ीं। महापंचायत में सभी ने एक सुर में कहा कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो सड़क पर उतरना पड़ेगा। महापंचायत में व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान कैलाश बंसल, इनेलो के प्रदेश महासचिव बलविंदर सिंह कैरो, पार्षद सुमित कुमार, पार्षद बाबा अमन, पार्षद सुशील सोनी, पार्षद प्रतिनिधि बलजीत सोनी, पार्षद रोहताश जांगड़ा, बजरंग दल के जिला संयोजक सुशील बागड़ी, धर्मवीर दहिया, पूर्व पार्षद प्रवीण जैन, जिमी भूटानी, सुरेश कंबोज आरे वाला, नत्थूराम दहिया, पूर्व सरपंच राजवीर दहिया, मास्टर चिमनलाल, सूरजमल दहिया, सोहनलाल वाल्मीकि, प्रवीण कुमार धारनिया, तरसेम शर्मा,पार्षद प्रतिनिधि बजरंग शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



भूना। एक्सीडेंट के मकसद से वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो गाड़ी।

**सात लोगों की साजिश**

विजय कुमार के पिता महेंद्र सिंह वाल्मीकि ने कहा कि इस पूरी वारदात में सात लोग शामिल हैं और यह पूरी घटना एक षड्यंत्र के तहत अंजाम दी गई। पहले इसे सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की गई, लेकिन सबूत और सीसीटीवी फुटेज के बाद पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास की धाराएं जोड़ दी हैं। हालांकि, एक सप्ताह बीतने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी न होने से लोगों में भारी रोष है।

**केस दर्ज**

क्या कहते हैं थानाध्यक्ष थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस ने शुरू में घायल छात्र अमनदीप की शिकायत पर एक्सीडेंट हादसे का मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन पुलिस की जांच पड़ताल में अब मामला हत्या और हत्या प्रयास का निकाल कर सामने आया है। पुलिस ने मामले में शामिल आरोपियों के विरुद्ध हत्या व हत्या प्रयास सहित कई अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए हुए हैं।

# प्रदेश का समान विकास कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- भाजपा भिरड़ाना मंडल की दरियापुर में हुई बैठक में बनी रणनीति

भाजपा भिरड़ाना मंडल की बैठक गांव दरियापुर स्थित पारस रिसोर्ट्स पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल प्रधान संदीप कुमार ने की वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज व मंडल प्रभारी निर्मल सिंह ने भाग लिया।

वक्ताओं ने बैठक में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में लागू की गई नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सदैव सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम किया है। सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता के हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। सरकार का प्रयास है कि केन्द्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को घर-घर जक पहुंचाने तथा लाभार्थियों से फीडबैक लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियां ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। कार्यकर्ताओं गांव-गांव जाकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभान्वित करवाएं। भिरडाना मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार ने बैठक में पहुंचे अतिथियों का धन्यवाद किया। बैठक में विशेष तौर पर जिला उपाध्यक्ष भीम लाम्बा, जिला उपाध्यक्ष इन्द्र गावड़ी, मण्डल संयोजक मन की बात हवा सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य हरीश कुमार, राजेन्द्र सैनी, मंडल महामंत्री भगवान दास, प्रधान भूप सिंह सिगड़ व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। भाजपा भिरड़ाना मंडल की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

# भाजपा 17 सिम्बर से शुरू करेगी सेवा एवं स्वच्छता पखवाड़ा : प्रवीण जोड़ा

- जिलेभर के सभी 12 मंडलों में भाजपा कार्यकारिणी की बैठकें सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में जिले के सभी 12 मंडलों पर मंडल कार्यकारिणी की बैठकों का आयोजन किया गया। मंडल कार्यकारिणी की बैठकें 4 सत्र में सम्पन्न हुई। अलग अलग मंडलों की बैठकों में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र बबली, पूर्व विधायक दूड़ाराम, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा व अन्य जिला पदाधिकारियों ने शिरकत की। मंडल कार्यकारिणी की इन बैठकों में पिछली कार्य समितियों व नई कार्य समितियों के विषयों में चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूप रेखा तैयार की गई। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि इन बैठकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि 31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर आमजन के साथ सुनें।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते भाजपा नेता।



### मनोहर मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में बी.एड. प्रथम वर्ष सत्र 2025-27 के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों से अवगत करवाया गया। उन्हें कॉलेज की विभिन्न सुविधाओं जैसे पुस्तकालय, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, भाषा प्रयोगशाला, आई.सी.टी. लैब, खेल सुविधाएँ तथा मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम, सेल्फ स्टडी कोर्सिस और कौशल विकास पाठ्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी विद्यार्थियों को यह बताया गया कि नियमित कक्षाओं के साथ-साथ इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षकों से परिचय करवाया गया तथा विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे कॉलेज द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी अवसरों का पूर्ण लाभ उठाएँ। कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन बजाज ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

# निजीकरण समाज के लिए खतरा : मलिक

- जनवादी नौजवान सभा द्वारा राज्य स्तरीय युवा कन्वेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारत की जनवादी नौजवान सभा द्वारा राज्य स्तरीय युवा कन्वेंशन का आयोजन पटवार भवन, फतेहाबाद में किया गया। 'शिक्षा, रोजगार और बेहतर खेल सुविधाओं का प्रबंध करो एवं नशे पर रोक लगाओ' के नारे के साथ आयोजित इस कन्वेंशन में प्रदेश भर से सैंकड़ों नौजवानों ने भाग लिया। कन्वेंशन का संचालन राज्य सचिव नरेश दनौदा ने किया जिन्होंने सभा की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अध्यक्ष मंडल में मुकेश दुर्जनपुर, नीरज, अजब गुरूसर और पवन कुमार शामिल रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कामरेड सुरेंद्र मलिक ने बढ़ती बेरोजगारी : कारण, प्रभाव और समाधान विषय पर विस्तार से विचार रखते हुए कहा कि हरियाणा समेत पूरे देश में बेरोजगारी आज गहराते सामाजिक संकट का रूप ले चुकी है।

शिक्षा में व्यावसायीकरण और निजीकरण ने युवाओं के भविष्य को असुरक्षित बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारों की गलत नीतियां, रोजगार सृजन की कमी और युवाओं को भटकाने वाली राजनीति इस संकट को और गहरा रही है। उन्होंने कहा कि 37 प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ हरियाणा, बेरोजगारी में देश का नंबर एक राज्य बन गया है। पढ़े-लिखे और कुशल युवा कम वेतन पर अधिक काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि नौजवानों का बड़ा हिस्सा आज परीक्षा की तैयारियों में ही बिताता है। वे कभी ऑनलाइन लेक्चर सुनते हैं, कभी किताबों में खो जाते हैं, तो कभी नोट्स बनाते हैं। अपने भविष्य को लेकर चिंता उन्हें लगातार घेरे रहती है।

राज्य सचिव नरेश दनौदा ने कहा कि सार्वजनिक शिक्षा के ढाँचे को सिकोड़ा जा रहा है और निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे पढ़ाई का स्तर और भी गिर रहा है। शिक्षा बजट लगातार घट रहा है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी उपकरणों, सुविधाओं और दवाइयों की भारी कमी है। हरियाणा में नशे और अपराध की स्थिति बेहद चिंताजनक है। कन्वेंशन को शाहनवाज, जितेंद्र, सुमित, अनुराग और जसपाल ने भी संबोधित किया।




फतेहाबाद। राज्य स्तरीय युवा कन्वेंशन में मौजूद नौजवान सभा के पदाधिकारी।

### गुलशन रूखाया बने लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** लोकतंत्र सेनानी संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय प्रभारी के रूप में दिल्ली प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष राजन धींगडा ने शिरकत की। बैठक आजीवन संरक्षक जय प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनात्मक नियुक्तियों के अन्तर्गत जिला फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष का दायित्व गुलशन रूखाया को व संरक्षक का दायित्व महेंद्र जनसंघी रतिया को सौंपा गया। बता दें कि गुलशन रूखाया लोकतंत्र सेनानियों की समस्याओं के निवारण के लिए जिला प्रशासन से संपर्क कर समस्याओं के निवारण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।



### नवोदय विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**फतेहाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस बड़े उत्साह और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मनाया गया। चंद्रयान 3 मिशन की सफलता के थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों से अवगत कराना था। विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करते हैं और उन्हें शोध व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय के उप-प्राचार्य अखिलेश कुमार अग्रवाल ने अंतरिक्ष विज्ञान में देश तेजी से तरक्की कर रहा है।

**सुविधा** फतेहाबाद में खुली फॉरेन्सिक लैब, केसों में तकनीकी पहलुओं को रखा जाएगा ध्यान

# अब हर थाने में तैनात होगा प्रशिक्षित फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

फतेहाबाद जिला अपराध जांच के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में जिला न्याय वैद्यक विज्ञान प्रयोगशाला यानि डीएफएसएल की एक स्वतंत्र शाखा थाना सदर फतेहाबाद में स्थापित की गई है। इस शाखा में डॉ. पूनम कात्याल सहित विभिन्न विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, जिले के प्रत्येक थाने में एक प्रशिक्षित फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाएगी।

पुलिस का मानना है कि यह पहल न केवल पुलिस व्यवस्था को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाएगी, बल्कि न्याय प्रक्रिया को भी तेज़ और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।




- डीएफएसएल प्रयोगशाला एक तकनीकी इकाई है, जो अपराध स्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करती है, उनका विश्लेषण करती कर न्यायालय को प्रमाणिक जानकारी देती है।

डीएफएसएल प्रयोगशाला एक तकनीकी इकाई है, जो अपराध स्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करती है, उनका विश्लेषण करती है तथा न्यायालय को प्रमाणिक जानकारी प्रदान करती है। अब तक पुलिस को फॉरेंसिक जांच के लिए राज्य या संभागीय प्रयोगशालाओं पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे जांच प्रक्रिया में देरी होती थी और कई बार महत्वपूर्ण साक्ष्य छूट जाने की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय डीएफएसएल शाखा की उपलब्धता से वैज्ञानिक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंच सकेगी और वहां से प्राप्त रक्त के नमूने, बाल, फाइबर, हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण आदि की सटीक जांच की जा सकेगी। इससे सुदृढ़ साक्ष्य एकत्र करने और न्याय प्रक्रिया को गति देने में विशेष सहयोग मिलेगा।

### फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों से जांच प्रक्रिया में आएगा परिवर्तन

हर थाने में फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ की नियुक्ति से घटनास्थल पर प्राप्त फिंगरप्रिंट्स का त्वरित विश्लेषण, अपराधियों की पहचान और पुराने मामलों से मेल जैसे कार्य घटनास्थल पर ही प्रारंभ किए जा सकेंगे। इससे समय, संसाधनों और मानवबल की बचत होगी तथा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी संभव हो सकेगी।

एसपी सिद्धांत जैन का कहना है कि जांच प्रक्रिया को वैज्ञानिक और तकनीकी आधार पर सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक थाना प्राथमिक स्तर पर ही किसी भी गंभीर अपराध की प्रोफेशनल जांच शुरू कर सके। उन्होंने बताया कि डीएफएसएल शाखा के लिए आवश्यक भवन, उपकरण, स्टाफ एवं अन्य संसाधनों की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है तथा शीघ्र ही इसका संचालन प्रारंभ किया जाएगा।